# भारतीय सैन्य बलों में भर्ती पूर्व प्रशिक्षण एवं अग्निवीर भर्ती रैलियों का आयोजन

छत्तीसगढ़ शासन के दूरदर्शी नीति के फलस्वरूप भारतीय सैन्य बलों, अर्द्धसैनिक बलों हेतु भर्ती रैली का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन ने भारतीय सैन्य बलों में राज्य के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजना तैयार की है। शासन द्वारा रोजगार विभाग को आवश्यक बजट उपलब्ध करवाकर भारतीय सैन्य बलों की भर्ती रैली के सफल आयोजन, उन रैलियों में राज्य के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रचार-प्रसार एवं भर्ती पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है। इसका सुपरिणाम राज्य के युवाओं के चयन में निरंतर वृद्धि से स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। वर्तमान में भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर के रूप में भर्ती हेतु भर्ती पूर्व लिखित एवं शारीरिक परिक्षण हेतु विभाग की ओर से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शासन द्वारा इस प्रयोजन हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में रूपये 64.00 लाख का बजट प्रावधानित किया गया है।

विगत कुछ वर्षों में सैन्य बलों में नियुक्ति की जानकारी निम्नानुसार है:-

| क्र | वर्ष | भर्ती रैली आयोजन स्थल | कुल चयनित आवेदकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 2019-20 | थल सेना भर्ती रैली-बिलासपुर | 588 |
| | | वायु सेना भर्ती रैली-धमतरी | 208 |
| 2 | 2020-21 | थल सेना भर्ती रैली-दुर्ग | 431 |
| 3 | 2023-24 (15 से 23 दिसम्बर 2023) | अग्निवीर थल सेना भर्ती, जांजगीर-चांपा | चयन प्रक्रियाधीन। |